

**अख्तर ने कहा, देख तो ले बाॅल कौन कर रहा है**

नेहरा ने विजडन ग्रेटेस्ट राइवलरी पॉडकास्ट में कहा, साल 2004 की चैंपियंस ट्रोफी में हम बर्मिंगम में खेल रहे थे। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाए। हम वह मैच हार गए थे। मैं आउट होने वाला आखिरी बल्लेबाज था। मैंने शोएब की गेंद को पुल करने की कोशिश की लेकिन मिड–विकेट पर कैच हो गया। शाहिद अफरीदी ने कैच किया था और फिर शोएब ने मुझे पंजाबी में कहा, पुल करने से पहले तुझे पता होना चाहिए कि बोलिंग किसकी है।

## जब शोएब अख्तर ने पंजाबी में की थी स्लेजिंग: नेहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने उस घटना को याद किया है जब पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने उन्हें पंजाबी में स्लेज किया था। नेहरा ने लंबे समय तक भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा रहे। नेहरा 2011 में विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। वहीं शोएब अख्तर दुनिया के सबसे तेज गेंदबाज माने जाते हैं। और वह विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से कई बार मैदान पर बहस करते भी देखे गए। नेहरा ने साल 2004 की चैंपियंस ट्रोफी की घटना का जिक्र किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला बर्मिंगम में खेला गया था। शोएब अख्तर ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, उन्होंने इस मैच में चार विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने इस मैच में सिर्फ 200 रन बनाए थे। भारत की ओर से राहुल द्रविड़ ने 67 और अजीत अगरकर ने 47 रन बनाए थे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद यूसुफ ने 81 रन बनाए थे और पाकिस्तान ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी। नेहरा ने याद किया कि वह अख्तर की गेंद पर आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। अख्तर ने नेहरा को पंजाबी में कहा था, पुल करने से पहले देख तो लिया कर कौन बोलिंग कर रहा है।


# काश धोनी ने टॉप ऑर्डर में ज्यादा बल्लेबाजी की होती

**क्रिकेट**

## पॉन्टिंग ने मुश्किल हालात में धोनी के शांत स्वभाव की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सौरभ गांगुली और रिकी पॉन्टिंग ने महेंद्र सिंह धोनी की उन खूबियों के बारे में बात की है जिन्होंने उन्हें इतना बड़ा खिलाड़ी बनाया। धोनी के पहले भारतीय कप्तान, गांगुली ने कहा कि धोनी को तीसरे नंबर पर बैटिंग के लिए भेजना उनकी बल्लेबाजी क्षमता और प्रतिभा का पूरा इस्तेमाल करना था। इस बीच पॉन्टिंग ने मुश्किल हालात में धोनी के शांत स्वभाव की तारीफ की।



पॉन्टिंग का कहना था कि धोनी मुश्किल हालात में भी शांत रहते थे और मैदान पर अपने फैसलों पर भावनाओं को हावी नहीं होने देते थे। अपने सिर्फ पांचवें वनडे इंटरनैशनल में धोनी पहली बार नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने विशाखापत्तनम में 2005 में उन्होंने 148 रन की पारी खेली थी। इस पारी से धोनी ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई थी। उसी साल जयपुर में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 299 रनों का पीछा करते हुए 145 गेंद पर 183 रन बनाए थे। इस बार फिर धोनी ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी। यह उस समय रनों का पीछा करते हुए किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। गांगुली ने कहा कि मुंबई में फरवरी 2005 में चौलेंजर ट्रोफी में धोनी की कप्तानी करते हुए उन्होंने फैसला किया था कि उन्हें नंबर तीन पर मौका देना है। धोनी ने इंडिया सीनियर्स के लिए पारी की शुरुआत की थी और इंडिया बी के खिलाफ 96 गेंद पर 102 रन बनाए थे। उस मैच में इंडिया सीनियर्स 276 रन का पीछा कर रहे थे। गांगुली ने कहा, चैलेंजर ट्रोफी में धोनी ने पारी की शुरुआत करते हुए मेरी टीम के लिए शतक बनाया था, तो मुझे उसकी क्षमता के बारे में पता था। स्पोर्टस तक के साथ एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, उन्हें विशाखापत्तनम में नंबर तीन पर खेलने का मौका मिला, उन्होंने शानदार शतक लगाया। जब भी उन्हें अधिक ओवर खेलने का मौका मिला उन्होंने बड़ी पारी खेली।

गांगुली ने कहा, एक खिलाड़ी तब बड़ा बनता है जब आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजते हो। नीच बैटिंग करके कोई प्लेयर बड़ा नहीं बनता। मैं हमेशा से मानता हूं कि ड्रेसिंग रूम में बैठकर कोई प्लेयर बड़ा नहीं बनता। जिस तरह की क्षमता, खास तौर पर बड़े सिक्स मारने की, उनमें थी, वह बहुत कम देखने को मिलती है। उन्होंने अपने करियर के अंत में अपने खेल में बदलाव किया लेकिन जिस तरह के नए एमएस धोनी आए थे, यह बहुत जरूरी था कि उन्हें फ्री होकर खेलने दिया जाए।

## फ्यूचर ग्रुप ने आईपीएल 2020 से पीछे खींचे हाथ, लग सकता है जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के एक मुश्किल समाप्त होती है तो दूसरी शुरू हो जाती है। टाइटल स्पॉन्सरशिप की मुश्किलों से निकलने के बाद बोर्ड के सामने अब एक और दिक्कत आ गई है। फ्यूचर ग्रुप ने आईपीएल असोसिएट सेंट्रल स्पॉन्सरशिप से हाथ पीछे खींच लिए हैं।

बीते पांच साल से फ्यूचर ग्रुप आईपीएल के साथ जुड़ा हुआ था लेकिन इस साल उसने लीग से अपना संबंध खत्म करने का फैसला किया है। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट ने भी फ्यूचर ग्रुप का नाम असोसिएट स्पॉन्सर की लिस्ट से हटा दिया है। बोर्ड फ्यूचर ग्रुप की रिप्लेसमेंट तलाश रहा है। खबर है कंपनी आईपीएल से अलग होना चाह रही थी और शायद बीच रास्ते में यूं छोड़ने पर बोर्ड उस पर पेनल्टी भी लगाए।

> फ्यूचर ग्रुप के पीछे हटने की बड़ी वजह स्पॉन्सरशिप के लिए अधिक कीमत चुकाना भी है

सूत्रों के अनुसार, फ्यूचर ग्रुप के पीछे हटने की बड़ी वजह स्पॉन्सरशिप के लिए अधिक कीमत चुकाना भी है। हालांकि बोर्ड तभी राजी होगा जब फ्यूचर ग्रुप पेनल्टी भरने पर सहमत होगा। इससे पहले दिल्ली फ्रैंचाइजी के साथ 2015 से जुड़ा डायकन एयर–कंडीशनिंग ने भी अलग होने का फैसला किया था। वह दिल्ली की टीम का मुख्य स्पॉन्सर था। हालांकि दिल्ली की टीम ने जल्द ही जेएसडब्ल्यू ग्रुप को नया मुख्य स्पॉन्सर बना दिया। वीवो इंडिया ने देश में चीन विरोधी माहौल को देखते हुए आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सर से पीछे हटने का फैसला किया था। बीसीसीआई ने फिर इस साल के लिए नीलामी की घोषणा की।

ड्रीम11 को इस साल की टाइटल स्पॉन्सरशिप 222 करोड़ रुपये में दी गई जो वीवो के 440 करोड़ रुपये से काफी कम रही। हालांकि बोर्ड ने दो अन्य असोसिएट स्पॉन्सर साथ जोड़ने की कवायद शुरू की ताकि नुकसान की भरपाई की जा सके। अब फ्यूचर ग्रुप के हटने से एक और परेशानी आ गई है।

## गयाना अमेजन वॉरियर्स ने जमैका तलावाज को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कैरिबियन प्रीमियर लीग में गयाना अमेजन वॉरियर्स और जमैका तलावाज के बीच खेला गया 8वां मैच लो स्कोरिंग रहने के बावजूद रोमांच से भरपूर रहा। 119 रन की मामूली सी चुनौती लेकर उतरी जमैका की टीम इसे हासिल नहीं कर पाई उसने 14 रन से यह मैच गंवा दिया। आंद्रे रसल ने जमैका के लिए 39 बॉल में 52 रन की शानदार पारी खेली। लेकिन अपनी 5 छक्के और 4 चौकों की इस पारी के बावजूद वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

गयाना के ऑलराउंडर खिलाड़ी नवीन उल हक को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। नवीन ने अपने बल्ले से 14 रन का योगदान दिया और नवीन ने 4 ओवर में 22 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया। उन्होंने इस मैच में 16 गेंदें डॉट फेंकी। इससे पहले टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग का निमंत्रण पाने वाली गयाना अमेजन ने 19.1 ओवर में 118 रन ही बनाए। ब्रेंडन किंग और चंद्रपॉल हेमराज की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.4 ओवर में 56 रन जोड़कर गयाना को शानदार शुरुआत दी थी। लेकिन बाद में उनकी पारी लड़खड़ाती चली गई।

## न्यूज डायरी



### भारत के लिए दोबारा खेलने का सपना अभी जिंदा है: रॉबिन उथप्पा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनुभवी बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने कहा है कि उनका भारतीय क्रिकेट टीम के लिए दोबारा खेलने का सपना अभी जिंदा है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में अच्छा प्रदर्शन उनके लिए राष्ट्रीय टीम के रास्ते खोल सकता है। उथप्पा ने भारतीय टीम के लिए अपना आखिरी मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ 2015 में खेला था। वह आईपीएल के 13वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। अपने ट्विटर पर प्रशंसकों के सवालों का जवाब देते हुए उथप्पा ने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें वे कह रहे हैं, मुझे लगता है कि अगर आईपीएल में अच्छा सेशन निकलता है तो मेरे साथ कुछ अच्छी चीजें हो सकती हैं और मुझे भारतीय टीम में भी वापस ला सकती हैं। उन्होंने कहा, मैं वह इंसान हूं, जो हमेशा सकारात्मक रहता है और में नकारात्मक स्थितियों में भी उम्मीद की किरण देख लेता हूं। इसलिए मेरी भावना प्रबल है कि भगवान की इच्छा से, मैं एक बार फिर अपना देश का प्रतिनिधत्व करूंगा।

### बीसीसीआई ने रिटायरमेंट पर धोनी के साथ सही व्यवहार नहीं किया: सकलैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एमएस धोनी के इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्हें शुभकामनाएं मिलने का सिलसिला अभी जारी है। पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी धोनी को रिटायरमेंट के बाद अपनी दूसरी इनिंग के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस फेहरिस्त में पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने धोनी को चैंपियन खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि इस लेजंड को अपना विदाई मैच जरूर खेलना चाहिए था और मैदान से इस खेल को गुडबाय कहना था। मुश्ताक ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि यह बीसीसीआई की हार है कि उन्होंने इतने बड़े कद के खिलाड़ी के साथ सही व्यवहार नहीं किया। बीसीसीआई के लिए यह कहते हुए दुख है कि इतने बड़े खिलाड़ी को उसने विदाई नहीं दी। धोनी इसके हकदार थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उनके करोड़ फैन्स हैं और सबकी यह ख्वाइश रही होगी को उनका हीरो मैदान पर आखिरी बार टीम इंडिया की किट पहने और बल्लेबाजी करते हुए मैदान से विदा ले। यह बीसीसीआई की हार है।

### मलयालम गाने पर रविंद्र जडेजा का फिटनेस वीडियो हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें एडिशन के लिए आठों टीमें यूएई पहुंच गई हैं। 19 सितंबर से शुरू होने वाले इस लीग का आयोजन अबू धाबी, दुबई और शारजाह में होगा। चेन्नै सुपर किंग्स यूएई पहुंचने वाली शुरुआती टीमों में शामिल रही। टीम के खिलाड़ी आईपीएल के लिए तैयारी शुरू कर चुकी है। खिलाड़ी अपने क्वॉरनटीन के बारे में सोशल मीडिया के बारे में झलक दे रहे हैं। टीम फ्रैंचाइजी लगातार अपने खिलाड़ियों के वीडियो साझा कर रहे हैं। हाल ही में चेन्नै सुपर किंग्स ने हाल ही में ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह मलयालम गाने पर वर्कआउट कर रहे हैं। जडेजा ने इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के तौर पर भी साझा किया है।

### टोक्यो में एक दिन में आए सबसे कम कोरोना के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। टोक्यो महानगरीय सरकार ने सोमवार को 95 नए कोविड –19 मामलों की सूचना दी। साथ ही बताया कि यह मामले 8 जुलाई से जापानी राजधानी में सबसे कम एक दिन में आने वाले केस हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ताजा आंकड़ा रविवार को दर्ज किए गए 212 और उससे पिछले दिन के 256 नए मामलों की तुलना में 95 कम मामले हैं, जो एक अच्छी बात है। टोक्यो महानगरीय सरकार ने कहा कि राजधानी में संक्रमितों का आंकड़ा अब कुल 19,428 है, जो जापान के 47 प्रान्तों में सबसे अधिक है। वर्तमान में देश में कुल कोरोना के मामले 61,914 हैं, जबकि मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,179 हो गई है। रेस्तरां, बार और पार्लर जैसे अल्कोहल परोसने वाले प्रतिष्ठानों से इस महीने के अंत तक थोड़ा बहुत ही खोलने को कहा है।